हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, गुरुवार 5 जून 2025

तापमान
अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

12 आयुष्मान आरोग्य मंदिर जर्वे में दाई बबा दिवस...

12 समर्थन और विरोध के बीच हुई माइंस विस्तारीकरण...




शाश्वत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बलौदाबाजार
CAN'T HIDE THAT'S PRIDE
प्रवेश प्रारम्भ
के.जी.1 से 12वीं
(साईन्स, आर्ट्स, कामर्स, कृषि विज्ञान)
अंग्रेजी एवं हिन्दी माध्यम
शाश्वत में आइये और टॉपर बन जाइये...
लुभी साहू
कक्षा 12वीं
97%
छत्तीसगढ़ टॉप टेन में 4था स्थान प्राप्त करने पर बहुत-बहुत बधाई

| सभी विषयों में उत्कृष्ट प्रदर्शन | |
|---|---|
| भौतिक शास्त्र | 100 अंक |
| जीवविज्ञान | 100 अंक |
| रसायन शास्त्र | 97 अंक |
| हिन्दी | 96 अंक |
| अंग्रेजी | 92 अंक |

प्रिंसी वर्मा 97% सतीश रॉय 96.3% वसुंधरा 96.1% तुषार 95.3% तन्नु साहू 94.6% हिमानी 94.5% मानसी कुर्रे 93%
अनीषा ध्रुव 92% सायरा चतुर्वेदी 91.8% कृषिका फेकर 91% पायल साहू 91% वंदना देवांगन 90.8% कनिष्का यादव 90.8% माही सोनी 90.3%
नि:शुल्क वाहन सुविधा - लोकल बलौदाबाजार, लटुवा, रिसदा, कुकुर्दी, बम्हनमुड़ी संपर्क : 9111002360, 9111002362, 6268089459

## खबर संक्षेप

### दामाखेड़ा का नाम अब कबीर धर्मनगर दामाखेड़ा होगा

**बलौदाबाजार**। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में बुधवार



क्रो मंत्रिपरिषद की बैठक में अनेक महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। मुख्यमंत्री की घोषणा अनुसार दामाखेड़ा का नाम कबीर धर्मनगर दामखेड़ा किये जाने का अनुमोदन किया गया। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय पिछले वर्ष 23 फ़रवरी क्रो दामाखेड़ा में आयोजित संत समागम समारोह माघी मेला में सम्मिलित हुए थे। इस अवसर पर उन्होंने दामाखेड़ा क्रा नाम कबीर धर्मनगर दामाखेड़ा करने की घोषणा की थी। सिमगा विकासखंड अंतर्गत दामाखेड़ा कबीर पंथियों की आस्था का प्रमुख केंद्र है। यहां प्रति वर्ष माघ पूर्णिमा के अवसर पर विशाल संत समागम समरोह एवं माघी मेले का आयोजन किया जाता है, जिसमें देश -विदेश के श्रद्धालु शामिल होते हैं।

### शराब पीने की सुविधा दे रहे दो लोगों पर कार्रवाई

**महासमुंद**। शराब पीने पिलाने की सुविधा उपलब्ध कराने वाले दो लोगों के खिलाफ बागबाहरा पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिस ने बताया कि वार्ड नं 14 पोटरपारा बागबाहरा से दिनेश राजपूत पिता राजू सिंह राजपूत (43 वर्ष) वार्ड क्र 14 पोटरपारा बागबाहरा और वार्ड नं 07 कर्रापारा बागबाहरा में भीमा यादव पिता रवि यादव (45 वर्ष) वार्ड नं 07 कर्रापारा बागबाहरा लोगों को शराब पीने की सुविधा उपलब्ध करा रहे थे। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आरोपियों के खिलाफ धारा 36(सी) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की।

### महिला के पास से महुआ शराब जब्त

**महासमुंद**। ग्राम झालपाली में एक महिला के कब्जे से महुआ शराब जब्त किया गया है। मामले में आरोपी के खिलाफ सरायपाली थाने में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि ग्राम झालपाली में शशिरेखा साहू पति स्व. मानसाय साहू नाम की महिला अपने घर बाड़ी में अवैध रूप से महुआ शराब बिक्री के लिए रखकर ग्राहक का इंतजार कर रही है, सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर करीब 4.5 लीटर कीमत 900 रुपए को जब्त किया। मामले में आरोपी के खिलाफ धारा 34 (1) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की।

### मकान के छज्जे को लेकर भाई के साथ मारपीट

**महासमुंद**। मकान के छज्जे को लेकर एक व्यक्ति ने अपने भाई के साथ मारपीट कर दी। पटेवा पुलिस को प्रार्थी संतराम धीवर निवासी कमार डेरा ग्राम जोरातराई ने बताया कि 2 जून को उसके भाई भूषण धीवर ने उसके घर के छज्जा को बिना पूछे तोड़ दिया था। शाम करीबन 7 बजे जब उसने इसे लेकर पूछताछ की तो आरोपी भूषण धीवर, नारायण धीवर, हीरासिंग धीवर ने हमारे घर की ओर छज्जा क्यों निकाले हो कहते हुए गाली गलौज कर और डंडे से मारपीट कर दी। मामले में पटेवा पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 115(2), 296, 3(5) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया है।

# पुराने वृक्षों को बचाने लिखा संदेश : मुझे मत काटो मैं छाया और दूंगा फल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजनांदगांव

पर्यावरण दिवस

गांव में प्रख्यात कबीर आश्रम में लोगों को पर्यावरण के प्रति संदेश देने रक्त चंदन, सफेद चंदन से लेकर रूद्राक्ष के पौधे भी रोपित कर उसका नियमित रूप से संरक्षण-संवर्धन कर मिसाल प्रस्तुत कर रहे हैं। जिला मुख्यालय से लगभग 13 किलोमीटर दूर सुकुलदैहान के पास आदर्श ग्राम पेंड्री की पहचान कबीर पंथ श्री हजूर 1008 आचार्य अर्धनाम साहेब के जन्म स्थली के नाम से है। यहां के ग्रामीणों ने शुरू से ही पर्यावरण संरक्षण की दिशा में अपनी-अपनी महती भूमिका निभाई है। खेत-खलिहान आंगन के ▶▶ शेष पेज 10 पर

## आदर्श ग्राम पेंड्री के कबीर आश्रम में चंदन से लेकर रूद्राक्ष के पौधे भी

### दो सौ वर्ष से अधिक उम्र का ईमली पेड़

गांव में गली के बाजू से एक ईमली का पेड़ है। जिसकी उम्र लगभग सवा दो सौ वर्ष की मानी जाती है। इस पेड़ के छांव लगभग चार पीढ़ियों के लोग ले चुके हैं। वहीं इसके फल के स्वाद का आनंद भी पूरा गांव उठा चुका है। पेड़ के बाजू से ही साहू परिवार का मकान है, जो नियमित रूप से इसकी देखरेख करते हैं। कच्चे मकान को जब पक्का बनाने का कार्य शुरू हुआ, तब यह पूरा ध्यान रखा गया कि गांव के बुजुर्ग वृक्ष को किसी प्रकार का नुकसान न होने पाए। ईमली के बुजुर्ग पेड़ सहित गांव में अन्य वर्षों पुराने पेड़ को संरक्षित रखने के लिए उसमें पेड़ लगाओ-पेड़ बचाओ, मुझे मत काटो मैं तुम्हे फल दूंगा का संदेश भी लगाया गया है।






### गौठान के पौधे ले रहे वृक्ष का रूप

बुजुर्गों के बाद अब नए पीढ़ी ने भी पर्यावरण की दिशा में सार्थक कदम उठाते हुए बेहतर प्रयास शुरू किए हैं। गांव के विशाल गौठान में दो पीपल एवं एक बरगद का पेड़ था। जिसकी छांव में गौवंश एवं गांव के आम ग्रामीण घंटों बिताया करते थे। आयु पूर्ण होने पर जब उक्त पेड़ सूख गए। जिससे गौवंश सहित आम लोगों को उक्त स्थल को हराभरा रखने व दिन में छांव की चिंता सताने लगी, तब वहां पीपल, बरगद, नीम सहित अन्य छायादार पौधे रोपे गए, जब शनै:-शनै: वृक्ष का रूप धारण करने लगे हैं। जिसकी देखरेख में ग्रामीण अपना समय भी निकाल रहे हैं।

## अपराध : एक पक्ष के दो लोगों को पहुंची गंभीर चोंट, एक व्यक्ति आईसीयू में भर्ती

# नजूल भूमि को लेकर दो पक्षों में डंडा और फावड़े से मारपीट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुंडा

लवन थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम डोंगरा में नजूल भूमि को लेकर दो पक्ष आपस में भिड़ गये। इसके बाद दोनों पक्ष में मारपीट, गाली गलौज जमकर हुई। एक पक्ष ने दूसरे पक्ष को फावड़ा, डण्डा से मारपीट करने की वजह से 2 लोगों को गंभीर चोट पहुंची, जहां उन्हें लवन में प्राथमिक उपचार पश्चात बलौदाबाजार रिफर कर दिया गया है। एक बुजूर्ग व्यक्ति आईसीई में जिन्दगी और मौत से जुझ रहा है। फिलहाल लवन पुलिस ने दोनों पक्षों के विरूद्व अपराध पंजीबद्ध कर दिया है ।

जानकारी के अनुसार लवन थाना क्षेत्र के ग्राम डोंगरा में संतराम वर्मा द्वारा नजूल भूमि पर वर्षों से कब्जा कर मकान बाड़ी का निर्माण कर तार घेरा कर दिया है। बाड़ी तरफ मिट्टी डालकर कब्जा किया जा रहा था, जिस पर दूसरे पक्ष खिलेश्वर वर्मा, रामकुमार वर्मा एवं कुशल वर्मा द्वारा मिट्टी डालने से यह कहते हुए मना करने पर कि उक्त मामले का प्रकरण तहसील लवन में लंबित होने के बावजूद यहां पर मिट्टी डालकर कब्जा क्यों कर रहे हो कहकर बोलने पर संतराम एवं उसके परिवार के



लोगों द्वारा एकराय होकर हाथ में रखे फावड़ा, डण्डा लेकर दूसरे पक्ष रामकुमार वर्मा, कुशल वर्मा, सरोज बाई वर्मा, खिलेश वर्मा के साथ मारपीट किए। इस मारपीट से रामकुमार वर्मा एवं कुशल वर्मा को गम्भीर चोंट आयी है, जिसे बलौदाबाजार रिफर किया गया। रामकुमार वर्मा के सिर में गंभीर चोंट आने पर आईसीयू में भर्ती किया गया है। वहीं कुशल वर्मा के सिर में भी चोंट आयी है। पीड़ति पक्ष की तरफ से खिलेश्वर वर्मा की रिपोर्ट पर संतराम वर्मा, सुकदेव वर्मा, त्रिदेव वर्मा, पुनीबाई, अनुपा बाई के खिलाफ 307 का मामला पंजीबद्ध किया गया है। वहीं उक्त मामला के संबंध में तहसील लवन को जानकारी होने पर संतराम द्वारा किया गया अवैध कब्जा को जेसीबी हटा दिया गया है।

### विवेचना जारी है

ग्राम डोंगरा में दो पक्षों द्वारा नजूल भूमि को लेकर मारपीट हुई है। दोनों पक्ष के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध किया गया है। इसमें एक पक्ष के विरूद्व गंभीर चोंट लगने पर भादवि की धारा 307 कायम कर विवेचना की जा रही है।

**अमित पाटले,** थाना प्रभारी, लवन

# सामाजिक वैमनस्यता फैलाने वाले 2 युवक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

भूमि विवाद के मामले में सामाजिक वैमनस्यता की स्थिति उत्पन्न करने वाले 2 आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों द्वारा सोशल मीडिया व्हाट्सएप आदि में मिथ्या संदेश प्रसारित कर शांतिपूर्ण स्थिति बिगाड़ने की कोशिश की गई।

विदित हो कि नायब तहसीलदार द्वारा निस्तारी भूमि से अवैध कब्जा हटाने के संबंध में बेदखली वारंट उच्च न्यायालय बिलासपुर में पारित आदेश के अनुसार ग्राम गातापार पटवारी हल्का नंबर 24 स्थित हे.भूमि खसरा नंबर 155/1,155/2 156 भूमि स्वामी हक की भूमि के सामने शासकीय भूमि खसरा नंबर 215/6, 275/6 के भाग पर अनावेदकों द्वारा किए गए शेष शासकीय स्थल से 2 जून को ग्राम गातापार में तहसीलदार, आरआई, पटवारी की उपस्थिति में उक्त अवैध कब्जा भूमि से अनावेदकों को बेदखली की



कार्रवाई संपादित की गई। सोशल मीडिया के माध्यम से आरोपी मोबाइल नंबर धारक राहुल बंदे द्वारा सोशल मीडिया के विभिन्न व्हाट्सएप ग्रुप में मिथ्या पोस्ट कर, सामाजिक वैमनस्यता की भावना फैलाई जा रही है। आरोपियों द्वारा व्हाट्सएप के माध्यम से धार्मिक आस्था के प्रतीक को अतिक्रमण हटाने के दौरान जेसीबी वाहन के माध्यम से तोड़कर खंडित कर देने का झूठा एवं भ्रामक संदेश फैलाया गया, जो पूरी तरीके से झूठी थी। बेदखली के मौके पर धार्मिक आस्था के प्रतीक को क्षतिग्रस्त किए जाने ▶▶ शेष पेज 10 पर

# छात्रों ने राजधानी में देखा जल शुद्धिकरण प्लांट, समझी प्रक्रिया

**बलौदाबाजार**। राजश्री सद्भावन समिति द्वारा संचालित लाईफ केयर कॉलेज ऑफ नर्सिंग बलौदाबाजार के पांचवे सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं ने रायपुर में जल शुद्धिकरण प्रक्रिया को समझने नगर निगम रायपुर अंतर्गत मठपुरेना स्थित वाटर फिल्टरेशन प्लांट का दौरा किया। बीएससी नर्सिंग की पांचवें सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं के विषय कम्युनिटी हेल्थ नर्सिंग में जल शुद्धिकरण प्रक्रिया प्रोजेक्ट शामिल हैं, जिसके अंतर्गत जल संचयन पानी को कैसे इकट्ठा करने और उपयोग करने के तरीके को समझना है। यह आमतौर पर तालाब, नदी या बारिश के पानी को इकट्ठा करके आगे के उपयोग के लिए संग्रहित करने के तरीके को दिखाता है। यह पानी



की कमी, सूखा और बाढ़ जैसे विभिन्न पानी से संबंधित समस्याओं को दूर करने में मदद कर सकता है। पानी के शुद्धिकरण और रीसायकल की प्रक्रिया को देखकर छात्र उत्साहित नज़र आए। जल शुद्धिकरण प्रकिया का दौरा लाइफ केयर कॉलेज ऑफ नर्सिंग के स्टाप टीचर एवं पंचम सेमेस्टर के 50 छात्र-छात्राएं शामिल हुए।

# मुंडा में हितग्राहियों को मिला तीन माह का चावल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुंडा

बरसात के मौसम में राशन कार्डधारी हितग्राहियों को परेशानी ना हो इसी को ध्यान में रखते हुए छत्तीसगढ़ के भाजपा सरकार द्वारा सभी राशन कार्डधारी हितग्राहियों को जून-जुलाई एवं अगस्त महीने सहित एक साथ 3 महीने का चावल दिया जा रहा है। एक जून से शासकीय उचित मूल्य की दुकानों में चावल उत्सव भी प्रारंभ हो गया हैं। इसी कड़ी में आदर्श ग्राम पंचायत मुंडा के शासकीय उचित मूल्य की दुकान में भी 4 जून को चावल



उत्सव कार्यक्रम मनाया गया। विक्रेता महेश्वर रजक ने बताया कि गांव में 950 कार्डधारी हितग्राही है। चावल उत्सव कार्यक्रम के दिन 4 जून को 45 हितग्राहियों को चावल वितरण किया गया।

आदर्श ग्राम पंचायत मुंडा के शासकीय उचित मूल्य की दुकान में 4 जून से राशन कार्डधारी हितग्राहियों को चावल देने की शुरुआत की गई। राशन लेने हितग्राही तड़के सुबह से ही शासकीय उचित मूल्य की दुकान के सामने अपना अपना थैला बोरी रखकर लाइन लगाये थे। दुकान खोलने से पहले ही हितग्राहियों की भीड़ इकट्ठा हो गई थी। चावल लेने पहुंचे हितग्राही रंभा बाई, मीना बाई, कामता बाई, केसरबाई, सुखनी बाई, मालती बाई, सुनीता बाई, दुर्गा बाई, चंद्रिका बाई, राधाबाई, मुकेश्वरी बाई सरकार द्वारा एक साथ दिए जा ▶▶ शेष पेज 10 पर

## हरिभूमि ने फायर स्टेशन के मुद्दे को प्रमुखता से किया था प्रकाशित

# जिला मुख्यालय में जल्द होगा फायर स्टेशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

जिला मुख्यालय में करोड़ों के लागत के महत्वपूर्ण निर्माण कार्यों क्रो अमालीजामा पहनाने के लिए राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने मंगलवार क्रो संध्या में शहर के कई स्थानों का भ्रमण कर स्थल निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माण हेतु उपयुक्त स्थल सहित अन्य जरुरी निर्देश अधिकारियों क्रो दिये। इस दौरान कलेक्टर दीपक सोनी, नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन, भारत स्काउट गाइड के राज्य उपाध्यक्ष विजय केशरवानी भी साथ थे।

नालंदा परिसर निर्माण हेतु वार्ड 20 स्थित 29 क्वार्टर के पास के स्थान क्रो उपयुक्त मानते हुए स्थल निर्धारित किया गया। यहां 4 करोड़ से अधिक की लागत से राजधानी रायपुर की तर्ज पर नालंदा परिसर का निर्माण होगा। परिसर में सुसज्जित 250 सीटर लाइब्रेरी के साथ इंटरनेट सहित कई सुविधाएं मिलेंगी। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की पहल पर प्रदेश के जिलों में नालंदा परिसर का निर्माण किया जा रहा है। लाइब्रेरी का निर्माण उन विद्यार्थियों के लिए लाभदायक होगा जो छोटे शहरों में रहकर उच्च शिक्षण संस्थानों में पढ़ाई करना चाहते हैं या फिर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे हैं।






### 9 करोड़ की लागत से बनेगा एथलेटिक्स ट्रैक

इसी तरह खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा पंद्रह करोड़ से अधिक की लागत से बनने वाले मल्टी परपज हॉल निर्माण हेतु आउट डोर स्टेडियम ग्राउंड के पीछे खाली जमीन क्रो चिन्हांकित की गई। वहीं स्टेडियम ग्राउंड में 9 करोड़ की लागत से बनने वाले एथलेटिक्स ट्रैक का भी जायजा लिया। राजस्व मंत्री ने यहां जमीन के एक किनारे स्थित मुक्ति धाम के लिए शेड निर्माण हेतु प्रस्ताव तैयार करने नगर पालिका अधिकारी क्रो निर्देशित किया। राजस्व मंत्री ने फायर स्टेशन निर्माण हेतु शाश्वत स्कूल के पास खाली जमीन का भी मुआयना किया और फायर स्टेशन के लिए स्थल निर्धारित किया। वर्तमान में फायर स्टेशन सकरी में है जो शहर से करीब 6 किलोमीटर दूर है। दूर होने के कारण फायर ब्रिगेड क्रो पहुंचने में देर हो जाती है, जिससे शहर में किसी दुर्घटना या आपातकालीन स्थिति से निपटने में तत्काल सुविधा नहीं मिल पाती। अब जो फायर स्टेशन के लिए स्थान चयनित किया गया है वह शहर के मध्य स्थित है, जिससे सुविधा होगी।

# सुंद्रावन में मनाया गया चावल उत्सव



हरिभूमि न्यूज ▶▶| संडी बंगला

यहां से महज 8 किमी दूर स्थित ग्राम पंचायत सुंद्रावन में चावल उत्सव मनाया गया। इस अवसर पर हितग्राहियों को तीन माह का चावल वितरण किया गया। बता दें कि सरकार की इस योजना का सीधा लाभ उन परिवारों को मिलता है, जिनके पास वैध राशन कार्ड है। विशेष रूप से वे लोग जो गरीबी रेखा के नीचे आते हैं या जिसके पास बीपीएल कार्ड, अंत्योदय कार्ड या राज्य सरकार द्वारा जारी पात्रता वाला कार्ड है, वे इस योजना में शामिल हैं। इस व्यवस्था से लाखों गरीब परिवार को बड़ी राहत मिल रही है खासकर जब बारिश का सीजन रहता है तो लोग खेती किसानी में व्यस्त हो जाते है और साथ में सड़कों की समस्या बिजली पानी बेरोजगारी की समस्या उत्पन्न हो जाती हैं। ऐसे में तीन माह का राशन मिलने से हितग्राहियों की खुशी साफ तौर पर छलक रही है। इस अवसर पर जनपद सदस्य कृष्ण आजाद, सरपंच चांदनी जायसवाल, उपसरपंच सुभाष चन्द्र घृतलहरे, सचिव संत कुमार गेंडरे, समूह के ▶▶ शेष पेज 10 पर

# नगर में मनाया गया महेश नवमी पर्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार





नगर में महेश नवमीं पर्व धूमधाम से मनाया गया। माहेश्वरी समाज के लोग गणेश शंकर बाजपेयी स्कूल के पास स्थित शिव मंदिर में सुबह 9 एकत्रित हुए। पं. सुखदेव प्रसाद तिवारी ने समाज बंधुओ को रुद्राभिषेक करवाया। समाज के लोगों ने जोड़े के साथ रुद्राभिषेक पारी पारी से किया। इसके पश्चात महा आरती की गई। आरती के बाद प्रसाद वितरण किया गया । महेश नवमी हिन्दू धर्म में भगवान शिव और माता पार्वती के विवाह की स्मृति में मनाया जाने वाला एक महत्वपूर्ण पर्व है। यह पर्व हर साल ज्येष्ठ माह के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि को मनाया जाता है। इस दिन का विशेष महत्व है, खासकर महेश्वरी समाज के लिए, जो भगवान शिव को अपना आराध्य देव मानते हैं।

माहेश्वरी समाज द्वारा बजरंग चौक में पुलाव प्रसादी के रूप में वितरण किया गया। समाज के अध्यक्ष पुरुषोत्तम नत्थनी, सचिव दिलीप माहेश्वरी, नरेश, दिलीप, महेंद्र भट्टर, अरुण माहेश्वरी, प्रदीप महेश्वरी, पवन माहेश्वरी, महिला समाज से शोमा भट्टर, मीना गार्गी, श्वेता, रानू, पायल, श्याम, प्राची, पूनम आदि महिला महेश्वरी समाज की सदस्य उपस्थित थीं।

## पेज 9 के शेष

**पुराने वृक्षों को...**

वृक्ष का संरक्षण तो अधिकांश लोग करते हैं, पर गांव में सार्वजनिक स्थानों पर वर्षों पुराने पेड़ की देखरेख करने का मिसाल यहां दिखलाई पड़ता है।

**आश्रम परिसर में कपूर से लेकर नारियल के पेड़-** गांव में स्थित प्रख्यात सदगुरू कबीर मंदिर आश्रम है। जिसमें देश के अलावा विदेशों से भी कबीर पंथ के अनुयायी भी हजूर अर्धनाम साहेब जी के जन्म भूमि स्थली का दर्शन करने पहुंचते हैं। जिनके हाथों भी यहां पौधरोपण कराने का बेहतर प्रयास किया जाता है। श्री सदुगुरू कबीर सत्संग सेवा योग आश्रम समिति के अध्यक्ष फलेश कुमार साहू एवं प्रबंधक योगदास साहू ने बताया कि पर्यावरण को ध्यान में रखने समिति का भी पौधरोपण का प्रयास रहा है। आश्रम के परिसर में रक्त चंदन, सफेद चंदन, रूद्राक्ष, कपूर, अशोक, कचनार, नारियल, आंवला, आम, कदंब, बरगद , पीपल, रातरानी सहित कई प्रकार के पौधे लगाए गए हैं, जो अब वृक्ष का रूप ले रहे हैं। उक्त गांव के युवा सूर्या फाउंडेशन से जुड़कर भी पौधरोपण वृक्षों की देखरेख एवं साफ-सफाई इत्यादी में अपनी भागीदारी निभा रहे हैं। बहरहाल गांव के बुजुर्ग पौधों का यहां के लोग संरक्षित रखने हरसंभव प्रयास कर रहे हैं।

**सामाजिक वैमनस्यता...**

अथवा हटाए जाने की कोई घटना घटित नहीं हुई थी। इस प्रकार के मिथ्या संदेश के प्रचारित-प्रसारित होने से विभिन्न जातियों एवं समुदायों के बीच आपसी सौहार्द बने रहने पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की स्थिति उत्पन्न हुई। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी राहुल बंदे एवं संत धृतलहरे को हिरासत में लिया और पूछताछ पता चला कि, बेदखली की कार्रवाई को गलत ठहराने के उद्देश्य से धार्मिक समाज की आस्था के प्रतीक को निजी स्वार्थ के लिए दुर्भावनापूर्वक, दुरुपयोग करने, समाज में अशांति और वैमनस्यता फैलाने के उद्देश्य से, धार्मिक भावनाओं को आहत करने की कूटरचना की कोशिश के प्रकरण में दोनों आरोपियों को 3 जून को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया।

**मुंडा में हितग्राहियों...**

रहे 3 महीने की चावल वितरण की सराहना की गई। वहीं एक साथ तीन महीने का चावल देने में एक हितग्राही के पीछे आधा घंटा का समय लग रहा है, जिसके चलते हितग्राहियों को अपना-अपना राशन सामान लेने धूप में भी इंतजार करते देखे गए। चावल उत्सव के दौरान सरपंच शशिकला पांडेय, सचिव सरोजनी पैकरा, मनोज फेकर, यशवंत वर्मा, हुलास वर्मा सहित हितग्राही प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

**सुंद्रावन में मनाया...**

अध्यक्ष अखिलेश्वरी सोनवानी, सचिव धनेश्वरी चतुर्वेदी, मेघराज जायसवाल, जतिराम सोनवानी, रमन चतुर्वेदी, सरस सोनवानी, ताराचंद सोनवानी उपस्थिति थे।





हर साल 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस मनाया जाता है। यह दिन पर्यावरण के ज्वलंत मुद्दों के बारे में आम लोगों को जागरूक करने और इस दिशा में उचित कदम उठाने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए संयुक्त राष्ट्र का प्रमुख साधन है। देखा जाए तो ये दिन हमारे भविष्य के बारे में है। अगर हमारा पर्यावरण नहीं बचेगा तो हम भी नहीं बचेंगे। इसलिए Earth Day के साथ-साथ यह दिन बाकी सभी दिनों से कहीं अधिक महत्त्वपूर्ण है, क्योंकि बाकी दिन तभी मनाये जा सकते हैं जब उन्हें मनाने के लिए हम बचे रहें और विश्व पर्यावरण दिवस हमे बचाने की दिशा में एक बेहद ज़रूरी कदम है।

पेड़ लगाएं:- ये आप अच्छी तरह से जानते हैं, पर करते नहीं हैं। एक काम करिए इस बार जब आपका बर्थडे आये या आपके बच्चे का बर्थडे आये तो उस दिन एक पेड़ लगाइए और उसका कोई नाम रखियेआपके या आपके बच्चे के साथ उसे भी बड़ा होते देखिये।

प्लास्टिक बैग्स को ना कहें:- Shopping के लिए Polythene या plastic bags का प्रयोग बंद कर दें। और इसके लिए किसी क़ानून का इंतज़ार मत करें, खुद से ये कदम उठाएं. सब्जी के लिए, राशन के लिए, या कुछ भी बाज़ार से लाने के लिए पेपर बैग्स या कपड़ों के बने झोलों का प्रयोग करें।

बिजली बचाएं:- हम जितनी अधिक बिजली बचायेंगे उतनी कम बिजली प्रोड्यूस करनी पड़ेगी। भारत में कुल बिजली उत्पादन का लगभग 65% thermal power plants से होता है, जो कोयले का इस्तेमाल करते हैं और वातावरण में $CO_2$, $SO_2$ जैसी ज़हरीली गैस छोड़ते हैं.। हमारा बिजली बचाना हमारे वातावरण को बचाएगा।

पानी बचाएं:- Ground water level दिन प्रति दिन गिरता जा रहा है पर फिर भी लोग पानी की बर्बादी पर ध्यान नहीं देते। अगर हम छोटी-छोटी बातों पर ध्यान दें तो काफी पानी बचा सकते हैं।

विनीत : समस्त क्रेशर सुहेला क्षेत्र जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग)

संकलनकर्ता : मिथलेश वर्मा, संवाददता, सुहेला, मो. 9425257408



# विश्व पर्यावरण दिवस

## की हार्दिक शुभकामनाएं...



हर साल 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस मनाया जाता है। यह दिन पर्यावरण के ज्वलंत मुद्दों के बारे में आम लोगों को जागरूक करने और इस दिशा में उचित कदम उठाने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए संयुक्त राष्ट्र का प्रमुख साधन है। देखा जाए तो ये दिन हमारे भविष्य के बारे में है। अगर हमारा पर्यावरण नहीं बचेगा तो हम भी नहीं बचेंगे। इसलिए Earth Day के साथ-साथ यह दिन बाकी सभी दिनों से कहीं अधिक महत्त्वपूर्ण है, क्योंकि बाकी दिन तभी मनाये जा सकते हैं जब उन्हें मनाने के लिए हम बचे रहें और विश्व पर्यावरण दिवस हमे बचाने की दिशा में एक बेहद ज़रूरी कदम है।




**<u>पेड़ लगाएं</u>**:- ये आप अच्छी तरह से जानते हैं, पर करते नहीं हैं। एक काम करिए इस बार जब आपका बर्थडे आये या आपके बच्चे का बर्थडे आये तो उस दिन एक पेड़ लगाइए और उसका कोई नाम रखियेआपके या आपके बच्चे के साथ उसे भी बड़ा होते देखिये। **<u>प्लास्टिक बैग्स को ना कहें</u>**:- Shopping के लिए Polythene या plastic bags का प्रयोग बंद कर दें। और इसके लिए किसी क़ानून का इंतज़ार मत करें, खुद से ये कदम उठाएं. सब्जी के लिए, राशन के लिए, या कुछ भी बाज़ार से लाने के लिए पेपर बैग्स या कपड़ों के बने झोलों का प्रयोग करें। **<u>बिजली बचाएं</u>**:- हम जितनी अधिक बिजली बचायेंगे उतनी कम बिजली प्रोड्यूस करनी पड़ेगी। भारत में कुल बिजली उत्पादन का लगभग 65% thermal power plants से होता है, जो कोयले का इस्तेमाल करते हैं और वातावरण में $CO_2$, $SO_2$ जैसी ज़हरीली गैस छोड़ते हैं.। हमारा बिजली बचाना हमारे वातावरण को बचाएगा। **<u>पानी बचाएं</u>**:- Ground water level दिन प्रति दिन गिरता जा रहा है पर फिर भी लोग पानी की बर्बादी पर ध्यान नहीं देते। अगर हम छोटी-छोटी बातों पर ध्यान दें तो काफी पानी बचा सकते हैं।

पर्यावरण है तो जीवन है,
पर्यावरण के बिना तो जीवन आधारविहीन है।
स्वच्छ वातावरण और सुरक्षित पर्यावरण ही
हमारा कल्याण करता है।















प्रकृति
का न करे
हरण,
आओ
हम सब
बचाये
पर्यावरण





संकलनकर्ता: दलजीत सिंह चावला, ब्यूरो चीफ, जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा, समाचार (प्रतियां), समाचार, विज्ञापन हेतु संपर्क करे...मो.: 9926204007

खबर संक्षेप

## युक्तियुक्तरण के विरोध में बसपा ने सौंपा ज्ञापन



**गोपालपुर**। बहुजन समाज पार्टी जिला इकाई बलौदा बाजार के तत्वधान में आज 4 जून को भाजपा सरकार की स्कूलों को बंद कर शिक्षा पर प्रहार करने की जनविरोधी नीति युक्तियुक्तकरण के विरोध में राज्यपाल के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया। कार्यक्रम में बहुजन समाज पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्याम टंडन, एड राजकुमार पात्रे, जिला अध्यक्ष प्रहलाद साहू, डेरहा डहरिया, पूर्व जिला अध्यक्ष, राजकुमार डहरिया, धन्नू देवांगन, सतीश मनहरे, बरातु बंजारे, बंसी कठोत्रे, महेत्तर चेलक, परशु कोसले, पंचराम बघेल, आकाश लहरे, अजय डहरिया, ममता बंजारे, कृपाराम संडे, राधेश्याम मारकंडे, काशीराम रात्रें, दुर्गा प्रसाद टंडन व अन्य साथियों की उपस्थिति रही।

## दीपक ने उत्तीर्ण की राज्य पात्रता परीक्षा

**पलारी**। अंचल के दीपक कुमार तिवारी ने महाविद्यालयों और



विश्वविद्यालयों में सहायक प्राध्यापक पद की पात्रता परीक्षा में सफलता हासिल की है। यह सफलता उन्होंने बगैर कोचिंग के हासिल की। हरिभूमि से बातचीत में उन्होंने बताया कि बचपन से ही हिंदी साहित्य और कविता में रुचि होने के कारण इसे अपने विषय के रूप में चुना। लोगों ने कई बार हिंदी को सामान्य विषय बताकर उपेक्षा भी की, पर अंततः हिंदी के प्रति आत्मसम्मान ने मुझे बल दिया। रोज 5 से 6 घंटे की पढ़ाई से यह साधना पूरी हो सकी। दीपक इन दिनों पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय से हिंदी में शोध कार्य कर रहे हैं। इसके अलावा एक प्रखर वक्ता, साहित्यकार और समाज सेवा करने वाले के रूप में दीपक इन दिनों सक्रिय हैं। उनकी इस सफलता पर ममता तिवारी, दीप्ति, दीपांशु, समीर, पंकज, विकास, आशीष इत्यादि मित्रों और परिवारजनों में हर्ष का माहौल है।

## कृषक रत्न पुरस्कार के लिए 31 तक आवेदन आमंत्रित

**बलौदाबाजार**। डॉ. खूबचंद बघेल कृषक रत्न पुरस्कार वर्ष 2025 के लिए कृषकों से आवेदन पत्र 31 जुलाई तक आमंत्रित किये गए हैं। आवेदन पत्र उप संचालक कृषि एवं वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी कार्यालय से निःशुल्क प्राप्त किये जा सकते हैं। निर्धारित प्रपत्र में पूर्ण रूप से भरे हुए आवेदन पत्र को उप संचालक कृषि एवं वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी कार्यालय में जमा कर सकते हैं। आवेदन पत्र के साथ सफलता की कहानी प्रस्तुत करेंगे। पुरस्कार की राशि 2 लाख एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जायेगा। केवल ऐसे कृषक जो विगत 10 वर्षों से कृषि का कार्य छत्तीसगढ़ क्षेत्र में कर रहे हो एवं छत्तीसगढ़ राज्य के मूल निवासी हो। इसमें केवल ऐसे कृषक ही सम्मिलित होने के लिए पात्र होंगे, जिनकी कुल वार्षिक आमदनी में से न्यूनतम 75 प्रतिशत आय कृषि से हो एवं तकाबी, सिंचाई शुल्क, सहकारी बैंको का कालातीत ऋण न हो।

# आयुष्मान आरोग्य मंदिर जर्वे में दाई बबा दिवस मना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| संडी बंगला

समाज के बुजुर्ग केवल अनुभव के स्रोत नहीं, बल्कि हमारी सांस्कृतिक विरासत भी





पलारी विकासखंड के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जर्वे में दाई बाबा दिवस मनाया गया। वहीं आयुष्मान आरोग्य मंदिर के प्रभारी भूमिका केशरवानी ने बताया गया कि शासन की योजनाओं में वृद्ध स्वास्थ्य के अंतर्गत दाई बबा दिवस का आयोजन पीएचसी जर्वे में किया गया। इसमें ग्राम जर्वे व आस पास के गांव के बुजुर्गों द्वारा अधिक संख्या में उपस्थित होकर इस कार्यक्रम का लाभ उठाया गया।

स्वास्थ्य जांच के उपरांत दवा वितरण कर नास्ता कराया गया। कार्यक्रम के अंतिम में उपस्थित सभी कर्मचारी अधिकारी व बुजुर्गों द्वारा नाचते गाते मनोरंजन करते हुए कार्यक्रम का समापन किया गया। इस अवसर पर भूमिका केशरवानी, राकेश करेबिया, रामप्रसाद रात्रे, गंगाराम धीवर, कमला नावरंगे राकेश वर्मा, भारती घृतलहरे, उषा मजूमदार, सुधा बारले, एमिता साहू, टिकेश्वरी वर्मा लाजवंत कुर्रे, चंद्रप्रभा सोनी, मनोज, प्रमिला साहू उपस्थित रहे। उल्लेखीय है की बुजुर्गों के बेहतर स्वास्थ्य और सामाजिक सम्मान को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जिले में 4 जून को 'दाई- बाबा दिवस' के रूप में विशेष स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया जा रहा है यह आयोजन जिले के सभी आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में स्वास्थ्य विभाग के समन्वय से किया जा रहा है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार इस वर्ष 'दाई- बाबा दिवस' की थीम है, 'हमारे बुजुर्ग, हमारी धरोहर, जो यह संदेश देती है कि समाज के बुजुर्ग केवल अनुभव के स्त्रोत नहीं, बल्कि हमारी सांस्कृतिक विरासत भी हैं।

जनसूनवाई : निकटवर्ती गांवों के सरपंच, पंच, जनप्रतिनिधि, युवा, महिलायें तथा ग्रामीणों ने भाग लिया

# समर्थन और विरोध के बीच हुई माइंस विस्तारीकण की जनसूनवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार





न्यू विस्टा लिमिटेड रिसदा सीमेंट संयंत्र द्वारा गांव में माइंस विस्तारीकरण के लिये पर्याववरण विभाग द्वारा जिला प्रशासन के सहयोग से जनसुनवाई का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों की संख्या में निकटवर्ती गांव के सरपंच, पंच, जनप्रतिनिधि, युवा महिलायें तथा ग्रामीणों ने भाग लिया। तयशुदा कार्यक्रम के तहत प्रातः 11 बजे जन सुनवाई की प्रक्रिया प्रारंभ की गई। इसमें क्षेत्रीय पर्यावरण अधिकारी ने माइंस विस्तारीकरण की प्रक्रिया तथा गतिविधियों के बारे में जानकारी दी तथा संयंत्र ने प्रस्तावित खनन प्रक्रिया तथा उससे होने वाले लाभ के बारे में विस्तार से बताया गया।

इसके उपरांत अपर कलेक्टर की अनुमति के उपरांत जनसुनवाई में उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं आमजनों ने अपने विचार व्यक्त करते हुये जनसुनवाई के पक्ष एवं विपक्ष में खुल कर निर्भीक होकर अपना अपना मत रखा। पर्यावरण के साथ साथ विकास एवं रोजगार की खुल के बातें हुई। जनसुनवाई को समर्थन देने वालों ने विकास एवं रोजगार के बढ़ने वाले अवसरों को देखते हुए अपना जनसमर्थन दिया तथा विरोध करने वालों ने उद्योग की स्थापना एवं विस्तारीकरण के कारण पर्यावरण को होने वाले नुकसान को समझते हुए इस जनसुनवाई का विरोध किया।

### कार्यवाहियों की हुई वीडियो रिकॉर्डिंग

जनसुनवाई में उपस्थित हुए पर्यावरण विभाग के अधिकारियों ने सम्पूर्ण कार्यवाहियों की वीडियो रिकॉर्डिंग करवाई एवं समर्थन - विरोध में प्राप्त हुए सारे मतों को मुख्यालय भेजे जाने की जानकारी दी। न्यू विस्टा लिमिटेड प्रबधंन की ओर से संयंत्र प्रमुख रविश गालव ने आमजन द्वारा खुल कर दी गई प्रतिक्रिया के प्रति अपना आभार व्यक्त करते हुये कहा कि हम आगे भी अपने ग्रामीणों के विश्वास में खरे उतरेंगे। उन्होंने जिला प्रशासन, पर्यावरण विभाग के अधिकारियों, मीडिया तथा प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रुप के मिले सहयोग के लिये सभी को धन्यवाद ज्ञापित किये। जिला प्रशासन की ओर से जनसुनवाई में अपर कलेक्टर दीप्ति गौते, एसडीएम अमित गुप्ता, पर्यावरण विभाग के अधिकारी उपस्थित थे व कंपनी प्रबंधन के अधिकारी-कर्मचारी के अलावा शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिये पुलिस विभाग का विशेष सहयोग रहा।

# मोहरा -कठिया-मोहरेंगा मार्ग झेल रहा उपेक्षा का दंश



हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिरमी-रावन

मोहरा से तिल्दा तक पक्की सड़क का निर्माण क्षेत्रवासियों के लिए एक बड़ी सौगात बन चुका है। यह मार्ग न केवल मोहरा बल्कि आसपास के दर्जनों छोटे-बड़े गांवों को सीधे राजधानी रायपुर से जोड़ने का मुख्य जरिया है।

इस सड़क से होकर अब भारी वाहनों की आवाजाही, खासकर सीमेंट संयंत्रों की लंबी-बड़ी गाड़ियां, नियमित रूप से हो रही है। इससे व्यापार, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं रोजगार के क्षेत्र में लोगों को नया संबल मिला है, परंतु इसके विपरीत मोहरा से कठिया होते हुए मोहरेंगा तक का संपर्क मार्ग आज भी उपेक्षित है। यह मार्ग अत्यंत जर्जर हो चुका है तथा जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढे बन चुके हैं, जिससे इस रास्ते पर चलना जान जोखिम में डालने जैसा हो गया है। बरसात के दिनों में हालात और भी बदतर हो जाते हैं। कीचड़, फिसलन और जलभराव के कारण आवागमन पूरी तरह ठप हो जाता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि जल्द ही इस मार्ग का पक्कीकरण नहीं हुआ, तो वह दिन दूर नहीं जब लोग एक तरफा विकास की कीमत चुकाएंगे। राजधानी से जुड़ने के बावजूद आसपास के गांव बुनियादी सुविधा से वंचित रह जाएंगे।ग्रामवासियों और जनप्रतिनिधियों ने शासन से मांग की है कि मोहरा से कठिया-मोहरेंगा पहुंच मार्ग को शीघ्र पक्की सड़क में परिवर्तित किया जाए, ताकि इस क्षेत्र का संतुलित विकास हो सके और ग्रामीणों को राहत मिले। यदि प्रशासन इस दिशा में समय रहते कदम नहीं उठाता, तो आने वाले समय में यह अनदेखी बड़ी समस्या का रूप ले सकती है।

# निवेशकों का पैसा नहीं लौटा पाया ठग, राशि लौटाने के नाम पर मिली है जमानत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़पार-सरसीवां



बिलासपुर संभाग, सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिला के ठगी के बहुचर्चित मामले रायकोना के शिवा साहू एक बार फिर सुर्खियों में आ गया है। निवेशकों का कहना है कि शिवा ने जेल से रिहाई के बाद सबके पैसे वापस करने का वादा किया था, लेकिन जेल से छूटने के बाद भी जब निवेशकों का पैसा नहीं मिला, तब पीड़ित फिर एस पी, थाना प्रभारी के पास शिकायत करने लामबंद हो रही हैं। सूत्रों के मुताबिक शिवा के पास पूरे राज्य भर के लोगों ने पैसा निवेश किया है, उसके पास अन्य राज्य के लोग भी निवेश करना शुरू कर दिये थे, लेकिन शिवा द्वारा तय कमीशन की रकम समय पर मिलना जब बंद हुआ तो सबने इसके पास रकम निवेश करना बंद कर दिए। विदित हो कि रायकोना का शिवा साहू आठ माह में पैसे दुगना करने का दावा करके पैसे निवेश कराता था। इसके झांसे में आकर हजारों लोगों ने करोड़ों रुपए जमा किया है, जब लोगों को उनका कमीशन का पैसा मिलना बंद हुआ, तो इसकी शिकायत थाना सरसीवा में की। इसे पुलिस ने हिरासत में लेकर सलाखों के पीछे किया, इसके सभी बैंक खाते फ्रीज किया गया, संपत्तियों के पेपर, महंगी महंगी गाड़ियों की जब्त की गई। बताया जा रहा ही शिवा को न्यायालय से निवेशकों को रकम वापस करने के हलपनामे के आधार पर कोर्ट से बेल मिली है। न्यायालयीन सूत्रों के मुताबिक यदि इस मामले पर फिर से शिकायत दर्ज होती है तो शिवा का बेल निरस्त हो सकता है और वह पुनः जेल जा सकता है। अंचल के निवेशकों का कहना है कि जब शिवा को जेल से छुटे कई सप्ताह हो गया तो लोगों को उनका पेमेंट वापस करना चाहिए।



## ग्रामीणों ने ली पानी बचाने की शपथ

**बंगोली**। तिल्दा जनपद पंचायत अंतर्गत कुल चार क्लस्टर जिसमें कोटा क्लस्टर के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत के समस्त अधिकारी, कर्मचारी, महिला समूह जनपद के सभागार हाल में प्रशिक्षण प्राप्त कर मोर गांव मोर पानी महाअभियान के तहत पानी बचाओ की शपथ ली।



## सामुदायिक एवं रंग मंच भवन का भूमि पूजन हुआ

**रवान**। पौसरी में सामुदायिक एवं रंग मंच भवन का भूमि पूजन किया गया। इस मौके पर राजेश सुनीता वर्मा, बलौदा बाजार राज प्रधान मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज रविशंकर मंडल अध्यक्ष, संगीता कुलेश्वर ध्रुव जनपद सदस्य, हरि राम वर्मा राज प्रधान मनवा कुर्मी समाज अर्जुनी, राज सरपंच मंजूला ध्रुव, उप सरपंच घनाराम, वरिष्ठ पंच नीरा वर्मा, पूजा वर्मा, शिरोमणि वर्मा विजय, मुरलीधर हनुमंता, दाऊजी संतोष हनुमंता अनिल सेन, खेलन वर्मा, रामेश्वर, मोहन लाल, बुधराम वर्मा, तरुण वर्मा, ग्राम प्रमुख किशोर वर्मा उपस्थित थे।

# खारुन दाई आजादी पदयात्रा का आज रायपुरा में समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा



खारुन नदी में बढ़ते प्रदूषण, अत्याधिक शोषण, अवैध कब्जा, अवैध उत्खनन, औद्योगिक अपशिष्ट व जल-शोधन बिना नालों के पानी को खारुन में छोड़े जाने खिलाफ छत्तीसगढ़िया क्रान्ति सेना व तटवर्तीय ग्रामीणों द्वारा 5 दिवसीय पदयात्रा कर शासन प्रशासन के समक्ष विरोध दर्ज कराने व जनजागरण का संदेश देने इस पदयात्रा का आयोजन किया गया।

छत्तीसगढ़िया क्रान्ति सेना के प्रदेश अध्यक्ष डा. अजय यादव के नेतृत्व में सुंगेरा गांव के सैकड़ों महिलाओं व ग्रामवासियों ने 1 जून को खारुन नदी व शिवनाथ नदी के संगम स्थल से खारुन आरती व सोमनाथ शिवलिंग की पूजा आरती कर सुबह 10 बजे पदयात्रा आरंभ किया, जो पहले दिन रात्रि विश्राम ग्राम सगनी में दूसरे दिन सिलतरा में तीसरे दिन रात पड़ाव ग्राम बाना में चौथे दिन का विश्राम सरोना में करते हुये आज दोपहर 2 बजे महादेव घाट रायपुरा पहुंच कर सभा पश्चात शासन को ज्ञापन सौंपा जायेगा। तत्पश्चात हटकेश्वर महादेव का जलाभिषेक कर खारुन आरती कर पदयात्रा का समापन किया जायेगा।

इस पदयात्रा के गांवों में नुक्कड सभा, बैठक व पाम्पलेट बांट कर प्रदूषण के खतरे व भविष्य की समस्याओं, शासन प्रशासन व पर्यावरण विभाग की अनदेखी, उपेक्षा की चर्चा कर आमजनों को इस विषय में आगे आने की अपील की गई। इस आयोजन को जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी ने अपना समर्थन देते हुये पदयात्रा में सहभागी रहे। केंद्रीय अध्यक्ष अमित बघेल अपने पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के साथ पदयात्रा तय करते महादेव घाट पहुंचेंगे। छत्तीसगढ़िया क्रान्ति सेना के प्रदेश अध्यक्ष डा. अजय यादव ने आमजनो से अपील करते हुये पदयात्रा के रायपुर पहुंचने व सभा मे अधिक से अधिक संख्या मे पहुंच कर कार्यक्रम को सफल बनाने का आह्वान किया है।

जीवनलाल माली के जीवन से संबंधित प्रशस्ति पत्र का वाचन किया

# प्रभारी प्राचार्य एवं लेखापाल को सेवानिवृति पर दी विदाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा



शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य जीवनलाल माली एवं वरिष्ठ लेखापल नरोत्तम लाल बाबू को सेवानिवृत होने पर समस्त स्टाफ एवं संकुल के शिक्षकों-शिक्षिकाओं द्वारा विदाई दी गई।

विदाई समारोह में शिक्षक एवं शिक्षिकाओं ने माली के विषय में अपने भाव व्यक्त करते हुए प्राचार्य पद पर उनके द्वारा किए गए कार्यों की प्रशंसा की गई। सहज, सरल एवं मृदु भाषी मालीजी अपने जीवन के 42 वर्ष शिक्षा जगत में व्यतित किये। उन्होंने विभिन्न सोपानो को पार करते हुए 2 फरवरी सन 2011 को शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिमगा में व्याख्याता पद पर पदोन्नत हुए तत्पश्चात अपने अध्यापन, व्यवहार एवं सुशील व्यक्तित्व के कारण सबके मध्य अत्यंत लोकप्रिय रहे। विद्यालय के वरिष्ठ व्याख्याता आशुतोष शर्मा ने जीवनलाल माली के जीवन से संबंधित प्रशस्ति पत्र का वाचन किया एवं उनके जीवन के विभिन्न पक्षों का रहस्य उद्घाटन किया। इस दौरान मालीजी के पुत्र वीरेंद्र एवं लाकेश एवं दोनों पुत्रियां पूर्णिमा एवं हेमलता साथ में पुत्रवधू एवं पत्नी भी अन्य संबंधियों के साथ उपस्थित रहीं।

वहीं दूसरी ओर वरिष्ठ लेखापाल नरोत्तम लाल साहू की भी सेवानिवृत्ति पर उनके पुत्र डॉ. नरेश साहू एवं दामाद कुलेश्वर साहू उपस्थित रहे। दोनों का सम्मान वार्ड पार्षद माया सलूजा ने उपहार भेंट कर किया। इस दौरान शिक्षा समिति के अध्यक्ष अनिल सोनकर एवं अन्य सदस्य नकुल रजक, शांतु एवं पीतांबर सोनकर, नगर पालिका सिमगा से उपाध्यक्ष विकास सोनकर, लिपिक संघ की ओर से शैलेंद्र शर्मा, शंकर लाल कश्यप, कल्याण वर्मा राजकुमार यादव, रागिनी दांडेकर एवं अन्य सहयोगी स्टाफ हिमांशु, गीता, आशा, गौकरण ने शुभकामनाएं दी। इस मौके पर स्कूल का स्टाफ मौजूद रहा।



## स्थानांतरण पर प्रदीप शर्मा को दी गई विदाई

**भवानीपुर**। सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया शाखा गिधपुरी में कार्यरत प्रदीप कुमार शर्मा हेड कैशियर को सह सम्मान उनके स्थानांतरण भाटापारा होने पर स्टाफ एवं जनप्रतिनिधि सहित ग्रामीणों विदाई दी। उन्हें श्रीफल एवं तिलक लगाकर उनको सम्मानित किया गया। वे लगभग चार वर्षों से शाखा गिधपुरी में कार्य कर रहे थे। प्रदीप शर्मा ने कहा कि प्रशासनिक आदेशों का पालन करना पड़ता है आप सभी क्षेत्रवासी सदा मेरे दिल में रहेंगे। आपके द्वारा जो प्रेम व्यवहार मिला, उसे सदा मेरे दिल में रहेंगा। शाखा प्रबंधक आशीष सूर्यम ने कहा कि प्रशासनिक कार्य को अपने समय सीमा में अच्छा किए हैं। क्षेत्र के हितग्राही को बाय नेम पहचानते हैं। ऐसे ही कर्मचारी संस्था को मिले तो संस्था बहुत ही आगे बढ़ोतरी करेगी। इस अवसर पर गोपालस्वामी असिस्टेंट मैनेजर, जनार्दन वर्मा, हेमंत कन्नौजे, पंकज कुमार, पूर्व सरपंच नोहर गिरी, गोस्वामी, मुकेश झा, मनहरण लाल वर्मा, चोखे लाल साहू, सरपंच कौशलेश साहू, सरस्वती यादव, फूलदास डहरिया, तरुण, भानु प्रताप, चंद्रशेखर कन्नौजे सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

